प्रतिष्ठा में/ To,
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
National Stock Exchange of India Ltd.
एक्सचेंज प्लाज़ा , प्लॉट नं. सी/1, जी ब्लॉक
Exchange Plaza, Plot No. C/1, G Block,
बांद्रा-कुर्ला कॉमप्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)
Bandra-Kurla Complex, Bandra (E)
मुंबई / Mumbai – 400 051

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स
BHARAT ELECTRONICS
भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)
पंजीकृत कार्यालय :
आउटर रिंग रोड, नागवारा, बेंगलूर - 560 045, भारत
Bharat Electronics Limited
(Govt. of India Enterprise, Ministry of Defence)
Registered Office : Outer Ring Road,
Nagavara, Bangalore - 560 045, INDIA.
CIN : L32309KA1954GOI000787
टेलीफैक्स/Telefax : +91 (80) 25039266
ई-मेल/E-mail : secretary@bel.co.in
वेब/Web : www.bel-india.in

**सं. No. 17565/6/SE/NSEC/SEC**
**दिनांक / Date: 12.01.2023**

महोदय / महोदया,
Dear Sir/Madam,

**विषय: निदेशक (वित्त) की नियुक्ति की सूचना: सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 का विनियम 30 (2)।**
**Sub: Intimation of Appointment of Director (Finance): Regulation 30(2) of SEBI (LODR) Regulations, 2015.**

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 30(2) के तारतम्य में, आपको सूचित किया जाता है कि रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने रक्षा मंत्रालय/डीडीपी पत्र संख्या डीडीपी- ई 0032/2/2022-डी (बीईएल) दिनांक 11 जनवरी 2023 द्वारा श्री दामोदर एस भट्टड (डीआईएन: 09780732) को बीईएल के मंडल में निदेशक (वित्त) के रूप में नियुक्त किया है। इस संबंध में, निदेशक मंडल ने दिनांक 11 जनवरी 2023 को पारित परिपत्र संकल्प के माध्यम से 12 जनवरी 2023 से श्री दामोदर एस भट्टड को अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्ति किया है।
Pursuant to Regulation 30(2) of SEBI (LODR) Regulations, 2015 we wish to inform that Ministry of Defence, Government of India vide its MoD/DDP letter No. DDP-E0032/2/2022-D(BEL) dated 11th January 2023 appointed Shri Damodar S Bhattad (DIN: 09780732) as Director (Finance) on the Board of BEL. In this regard, the Board of Directors appointed Shri Damodar S Bhattad as Additional Director w.e.f 11th January 2023 vide its circular resolution passed on 12th January 2023.

श्री दामोदर एस भट्टड, निदेशक (वित्त) का कंपनी के किसी भी अन्य निदेशक के साथ कोई संबंध नहीं है।
Shri Damodar S Bhattad, Director (Finance) does not have relationship with any other directors of the Company.

श्री दामोदर एस भट्टड का संक्षिप्त विवरण अनुलग्नक-I के रूप में संलग्न है।
Brief profile of Shri Damodar S Bhattad is enclosed as Annexure-1.

सूचना व अभिलेख हेतु।
This is for your information and record.

सधन्यवाद / Thanking you,

भवदीय/ Yours faithfully,

**कृते भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड/**
**For Bharat Electronics Limited**

SREENIVAS SRIPADA
Digitally signed by SREENIVAS SRIPADA
DN: c=IN, o=BHARAT ELECTRONICS LIMITED,
2.5.4.20=2785c3f8889288c5c03452d0f6bfbd07ecfa7416298e4d510fd5354c33bb0aa8,
ou=SECRETARIAT,CID - 6840256, postalCode=560045, st=Karnataka,
serialNumber=8da16a32e5cf7b4693c748a3f167cf33b9870c0132bad61e7d1c3490de34d08f, cn=SREENIVAS SRIPADA
Date: 2023.01.12 16:47:27 +05'30'

**एस श्रीनिवास/S Sreenivas**
**कंपनी सचिव/Company Secretary**

संलग्न- यथा उपरोक्त।/ Encls: As stated above.

BHARAT ELECTRONICS

**अनुलग्नक/Annexure – I**

## श्री दामोदर भट्टड ने बीईएल के निदेशक (वित्त) का कार्यभार संभाला

## Mr Damodar Bhattad takes charge as Director (Finance) of BEL

श्री दामोदर भट्टड एस ने 11 जनवरी, 2023 को नवरत्न रक्षा पीएसयू भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के निदेशक (वित्त) का कार्यभार संभाला। वे इस पदोन्नति से पहले बीईएल के कार्पोरेट कार्पोरेट में महाप्रबंधक (वित्त) के रूप में कार्यरत थे।

Mr Damodar Bhattad S has taken charge as the Director (Finance) of Navratna Defence PSU Bharat Electronics Limited (BEL) with effect from January 11, 2023. He was working as General Manager (Finance) at BEL's Corporate Office prior to his elevation.

श्री दामोदर भट्टड एस चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं और उन्होंने आईसीएआई की अंतिम परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर स्थान प्राप्त किया था। मद्रास विश्वविद्यालय से वाणिज्य स्नातक, उन्होंने 1988 में बीईएल की चेन्नई यूनिट में लेखा अधिकारी के पद पर बीईएल में कार्यग्रहण किया और 34 से अधिक वर्षों तक कंपनी में विभिन्न भूमिकाओं और पदों में सेवा प्रदान की।

Mr Damodar Bhattad is a Chartered Accountant, who had secured All India Rank in ICAI final examination. A B.Com Graduate from the University of Madras, he joined BEL as Accounts Officer at its Chennai Unit in 1988 and in a career spanning over 34 years, served the company in various roles and capacities.

बीईएल कार्पोरेट कार्यालय में वित्त प्रमुख के रूप में, उन्होंने कंपनी की विभिन्न नीतियों और प्रक्रियाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने वित्त वर्ष 22 में बीईएल को 15,044 करोड़ रुपये तक का अब तक का सर्वोच्च विक्रयावर्त दर्ज करने और रु. 50,000 करोड़ से अधिक की आदेश बही हासिल करने में सक्रिय सहयोग दिया।

As Head of Finance at BEL Corporate Office, he played a significant role in the formulation of various company policies and procedures. He also played a pivotal role in BEL recording its highest ever turnover of Rs. 15,044 Cr in FY22 and achieving an order book of more than Rs. 50,000 Cr.

निधि प्रमुख के रूप में, उन्होंने कार्यशील पूंजी का कुशलतापूर्वक प्रबंधन किया और यह सुनिश्चित किया कि बीईएल ऋण मुक्त रहे। उन्होंने और उनकी टीम ने पिछले दो वर्षों (वित्त वर्ष 2021 और 2022) में उल्लेखनीय व्यापार प्राप्यों के संग्रह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने म्युचुअल फंड में अधिशेष निधियों का निवेश शुरू किया, जिसके कारण कोष प्रबंधन से अधिक प्रतिफल प्राप्त हुआ।

As Head of Funds, he efficiently managed Working Capital and ensured BEL remained debt free. He and his team played a key role in the efficient collection of Trade Receivables, in the last two years (FY 2021 and 2022). He also initiated investment of surplus funds in Mutual Funds, which increased the company's returns from Treasury Management.

श्री दामोदर भट्टड ने यह सुनिश्चित किया कि बीईएल में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित किए गए हैं और कंपनी का जोखिम नियंत्रण मैट्रिक्स वर्तमान और अद्यतन है। वे प्रबंधन लेखापरीक्षा समिति, कार्पोरेट जोखिम

प्रबंधन समिति, सीएसआर स्क्रीनिंग समिति के सदस्य रहे हैं, लेखापरीक्षा समिति और पूंजी निवेश समिति के आमंत्रित सदस्य रहे हैं और वित्त के दृष्टिकोण से बीईएल प्रबंधन को बहुमूल्य सुझाव दिए हैं।

Mr Damodar Bhattad has ensured that adequate internal financial controls are put in place in BEL and the company's Risk Control Matrix is current and updated. He has been a member of various Management Committees — Management Audit Committee, Corporate Risk Management Committee, CSR Screening Committee and Invitee of Audit Committee and Capital Investment Committee to name a few, and has been able to provide valuable insights to BEL Management from the Finance perspective.

श्री दामोदर भट्टड एक प्रमुख परामर्शदात्री फर्म के साथ एक प्रमुख रक्षा संस्थान द्वारा हस्ताक्षरित रणनीतिक सलाहकार सेवा संविदा के संबंध में बीईएल की कारोबार सह विकास योजना तैयार करने में वित्त के अग्रणी सदस्य थे। वे विभिन्न विश्लेषकों/निवेशक सम्मेलनों में बीईएल प्रबंधन टीम का हिस्सा रहे। उन्होंने बीईएल को पारंपरिक वित्तीय रिपोर्टिंग से बदलकर वर्ष 2021-22 में इसकी पहली एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट लाने के अधिक समग्र दृष्टिकोण अपनाने तक प्रमुख भूमिका निभाई। वे ऐसी पहलों में विश्वास करते हैं और उनका समर्थन करते हैं जो उच्च लाभांश भुगतान और आरक्षित निधियों के पूंजीकरण के संदर्भ में शेयरधारकों को अधिक प्रतिफल प्रदान करते हैं।

Mr Damodar Bhattad was Lead Member (Finance) for devising a business-cum-growth plan for BEL with respect to a strategic advisory services contract signed by the Defence major with a leading consultancy firm. He has been an integral part of the BEL Management team at various analysts/investor conferences. He has played a major role in BEL making the leap from conventional financial reporting to the more holistic approach of bringing out its first Integrated Annual Report in 2021-22. He believes and supports initiatives which increase BEL's value for shareholders, in terms of higher Dividend payout and capitalisation of reserves.

बीईएल के पेंशन ट्रस्ट और ग्रेच्युटी ट्रस्ट के सदस्य और वित्त प्रतिनिधि के रूप में, श्री दामोदर भट्टड ने यह सुनिश्चित किया कि जोखिम को कम करने और प्रतिफल को अधिकतम करने के लिए ट्रस्ट पोर्टफोलियो को उचित रूप से विविधीकृत किया जाता है। इससे पहले, वित्त प्रमुख (प्रचालन) के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने ग्राहकों के साथ संविदाओं और प्रमुख उपकरणों और प्रणालियों की बिक्री मूल्य को अंतिम रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बीईएल की मूल्य वार्ता समिति के सदस्य के रूप में, उन्होंने आपूर्तिकर्ताओं से महत्वपूर्ण मूल्य कटौती प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका मानना है कि सामाजिक रूप से जिम्मेदार कार्पोरेट संस्थान होने के नाते बीईएल को अपने सभी हितधारकों के लिए अपने मूल्य को अधिकतम करना चाहिए।

As a member and Finance representative of BEL's Pension Trust and Gratuity Trust, Mr Damodar Bhattad has ensured that the trust portfolio is suitably diversified in order to minimise risk and maximise returns. Earlier, during his tenure as Head of Finance (Operations), he played a crucial role in finalising contracts and selling price of major equipment and systems with customers. As a member of BEL's Price Negotiation Committee, he was instrumental in obtaining significant price reductions from suppliers. He believes that BEL being a socially responsible corporate citizen must maximise its value for all its stakeholders.